अंतस और अध्यात्म का



# भगवान के संदेशवाहक

**देवर्षि नारद का जीवन भक्तिमय रहा, उन्होंने भगवान विष्णु के लोकहित के संदेशों का सर्वत्र प्रसार किया।**

सनातन धारा




डा. चिन्मय पण्ड्या
प्रतिकुलपति,
देवसंस्कृति विश्वविद्यालय

महर्षि नारद का जीवन बहुत ही अद्भुत और प्रेरणादायक है। उनके जीवन के बारे में अनेक महत्वपूर्ण कथाएं और घटनाएं हैं, जो उनके अद्वितीय योगदान और सनातन धर्म के प्रति निष्ठा को दर्शाती हैं। मान्यता है कि नारद जी का जन्म ब्रह्मा जी के मानस पुत्र के रूप में हुआ था । श्रीमद्भगवद्गीता के दशम अध्याय के 26 वें श्लोक में स्वयं भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है- देवर्षीणाम् च नारदः। देवर्षियों में मैं नारद हूं।

नारद जी का भक्तिमय जीवन था। भगवान विष्णु के भजन और कीर्तन में रत रहने वाले देवर्षि नारद सदैव लोकहित में समाचारों और घटनाओं को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाते थे। वे देवताओं, ऋषियों और मनुष्यों के बीच संवाद स्थापित करते थे।

उनकी यह भूमिका सृष्टि के सामंजस्य को बनाए रखने के लिए बहुत महत्वपूर्ण थी। वे भगवान के ज्ञान और संदेश को हर व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करते थे। भगवान विष्णु के संदेशों को उन्होंने सभी लोकों में पहुंचाया।

नारद जी ने कई महत्वपूर्ण पुराणों की रचना की, जिनमें से सबसे प्रसिद्ध नारद पुराण है। नारद पुराण में भक्ति, ध्यान, योग और धर्म के




विभिन्न पहलुओं का विस्तृत वर्णन है। नारद भक्ति सूत्र भी भक्ति पर आधारित उनका एक महान ग्रंथ है, जिसमें भक्ति के विभिन्न मार्गों और सिद्धांतों का वर्णन किया गया है।

नारद जी को यह विशेष आशीर्वाद था कि वह किसी भी स्थान पर बिना किसी बाधा के यात्रा कर सकते थे। वे कभी भी किसी स्थान पर ठहरते नहीं थे, इसलिए उन्हें भगवान का मन भी कहा जाता है। कहा जाता है कि नारद जी को भगवान विष्णु की भक्ति के लिए प्रेरणा भगवान शिव ने प्रदान की थी। एक कथा के अनुसार, एक बार जब नारद जी ने भगवान शिव भगवान विष्णु के बारे में पूछा, तब भगवान शिव ने नारद जी को बताया कि भगवान विष्णु की भक्ति ही सच्चे सुख का मार्ग है।

नारद जी की भक्ति, उनके कार्य और समर्पण हमें यह सिखाते हैं कि जीवन में सच्ची भक्ति और भगवान की कृपा से हम किसी भी कठिनाई को पार कर सकते हैं। उनकी जयंती हमें अपने जीवन में भक्ति और सत्कर्मों का पालन करने की प्रेरणा देती है।

प्रासंगिक चिंतन



मोरारी बापू
कथावाचक

# विकारों का उन्मूलन

**एक राष्ट्र हो या व्यक्ति, उसे अपने और आसपास के विकारों को मिटाने की अत्यंत आवश्यकता है, जैसे भारत ने आतंकवाद के विकार को मिटाने की कार्रवाई की। विकारों को मिटाकर ही भगवद्भक्ति संभव है। तभी सत्य, प्रेम और करुणा से आपसी संबंध सुदृढ़ हो सकते हैं...**



भारत ने विश्व मंगल के लिए आतंकवाद के विरुद्ध कार्रवाई की। आतंकवाद समाप्त होगा तो जगत आनंद की सांस लेगा। यह हमला नहीं था, बल्कि सभी के हितार्थ, सभी के सुखार्थ, विश्व कल्याणार्थ आतंक के विरुद्ध प्रयोग था। आतंकवाद वैश्विक विकार है, इसके नाश के प्रयोग में सभी का शुभ है। इस प्रयोग के लिए सरकार को, विशेष रूप से भारत की सेना के जवानों को और पूरे देश की जनता को एक साधु के नाते बहुत-बहुत बधाई। यह सबके हित, सबके सुख और सबकी प्रीति के लिए एक प्रयोग था। जियो जियो... भारत के जवानो।

प्रत्येक व्यक्ति, प्रत्येक परिवार, प्रत्येक समाज और प्रत्येक राष्ट्र के लिए मैं कहता हूं कि अगर विश्राम चाहिए तो अपने तथा अपने आसपास के विकार दूर करो। आतंक भी एक बड़ा विकार है। एक व्यक्ति के रूप में भी, जब तक उसमें विकार हैं, तब तक उसे विश्राम संभव ही नहीं। अविकार की भूमिका विश्राम का स्वरूप या कहें कि विश्राम की पहचान है। मानस का दृष्टि बिंदु है कि बहुत पुण्य के बाद यह शरीर मिला है। यह शरीर साधन का धाम है। जियो, हरि भजो, परमार्थ करो, जितना भी जिया जाए, उतने में सत्य, प्रेम और करुणा के साथ संलग्न रहो। द्वेष, ईर्ष्या और निंदा जैसे विकारों से दूरी रखो। इन्हें समाप्त करो। ये जीवन के आतंकी हैं। जीवन शांत और सहज होकर जीने का नाम है। जीने के बाद भी कोई इच्छा मत रखो। हरि जब बुला ले... मैं तैयार हूं, ऐसा सोच रखने से ही व्यक्ति जी पाएगा। निर्विकार रहने से ही भगवद्भक्ति भी संभव है।

हमारे उपनिषदों ने सौ वर्ष तक जीने का आशीर्वाद दिया है। यह ऋषि-मुनियों की उदारता है। सौ साल तक कोई-कोई ही पहुंचता है। लेकिन, एक जिजीविषा बनी रहती है कि हम सौ साल जिएं। यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि हम जीवनधर्मी हैं। उपनिषद में कहा गया है वयं अमृतस्य पुत्राः।

जीवन के बारे में दुनिया में कई दृष्टिकोण हैं। बुद्ध दर्शन कहता है, जीवन दुखमय है। यह तथागत भगवान का निवेदन है। पूरा पाश्चात्य जगत कहता है कि सुख प्राप्त करो, सुख भोगो। हमारे यहां नास्तिकवाद आया, उसमें कहा, ऋणं कृत्वा घृतं पिबेत्। कर्जा लो, लेकिन घी पियो। लेकिन, जरा सोचना जरूर। सुख कैसे मिलता है? सुख मिलता है साधन से और अनुकूल संबंध से। हम साधनों में सुख तलाशते हैं। लेकिन याद रखना, सुख सुविधा पर आधारित है, सुविधा मिलती है नई-नई खोज से। आज विज्ञान ने क्या-क्या खोज दिया है। कान में ठीक से सुनाई न देता हो तो मशीन लगा देते हैं। विज्ञान ने जो खोज की हैं, इससे आदमी सुखी होता है। नए-नए सुख अर्जित होते जा रहे हैं। स्वागत है।

कुल मिलाकर, सुख आधारित हो गया है सुविधा पर । लेकिन, संबंधों की अनुकूलता न हो तो हर सुविधा तुम्हें दुखी कर सकती है। यह संबंध की अनुकूलता है। कई बार पास में बैठे व्यक्ति को भी लोग पसंद नहीं करते और एक कहीं दूर होता है तो भी अपनी आंखों से आंसू आ जाते हैं कि कब मिलेंगे उससे, क्योंकि वहां संबंध की अनुकूलता है। आज परिवारों में संबंधों को क्या हो गया? अनुकूलता नहीं बची है। आज समाज में संबंधों को क्या हो गया है? आज राष्ट्रों के संबंधों को क्या हो गया है? इस पर विचार किए जाने की आवश्यकता है। आज सुविधा तो बहुत है, लेकिन संबंधों में अनुकूलता नहीं है। पड़ोसियों में संबंध अनुकूल नहीं है। भाई-भाई के संबंध में अनुकूलता नहीं रही।

भगवान शंकराचार्य का जीवन के प्रति जो दृष्टिकोण है, वह है- ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या। जगत मिथ्या है। मेरे शंकर कहते हैं, सत हरि भजनु जगत सब सपना। जगत को वह स्वप्नवत देखते हैं। जगत स्वप्न है। लेकिन जीवन के बारे में गोस्वामी तुलसीदास जी का दृष्टिबिंदु अलग ही है-

**बड़े भाग मानुष तनु पावा।**
**सुर दुर्लभसब ग्रंथन्हिगावा।।**
**कबहुँक करि करुना नर देही।**
**देत ईस बिनु हेतु सनेही।**

तुलसीदास जी कहते हैं कि मनुष्य का शरीर बड़े भाग्य से मिलता है, जब व्यक्ति को ईश्वर की करुणा प्राप्त होती है। मैं जीवनधर्मी हूं, मरणधर्मी नहीं। छांदोग्य उपनिषद में लिखा है, नाल्पे सुखमस्ति, हमें अल्प नहीं पूरा का पूरा चाहिए। कबीर कहते हैं, कहै कबीर मैं पूरा पाया। कुछ शास्त्र जीवन को सुख और दुख का मिश्रण समझते हैं। मेरा तो इतना ही मानना है, जितनी मात्रा में सत्य के निकट रहेंगे, निर्भयता से जीवन जी पाएंगे। जितनी मात्रा में प्रेम के निकट रहेंगे, जीवन में त्याग और बलिदान हमारा स्वभाव हो जाएगा और जितनी मात्रा में करुणा के निकट आएंगे, वृत्तियां हिंसा से मुक्त हो जाएंगी। हमारे भीतर निर्विकारता आएगी।

आदमी जब बच्चा होता है, तब उसमें सत्य की प्रधानता होती है। बालक असत्य नहीं कहते। वे विकार रहित होते हैं। बचपन सबका सत्य है, फिर युवा होने पर प्रेम और बुढ़ापे में करुणा होती है। जीवन की प्रस्थानत्रयी (श्रीमद्भगवद्गीता, ब्रह्मसूत्र और उपनिषदों का सामूहिक रूप ) है -

सत्य, प्रेम और करुणा। शंकर की दाईं आंख सत्य, बीच वाली प्रेम और बाईं आंख करुणा है। त्रिलोचन शिव सत्य, प्रेम व करुणा की दृष्टि रखते हैं। शंकर की बीच वाली आंख प्रेम है और मेरी व्यासपीठ प्रेम को मध्य में रखती है। कभी-कभी ही यह आंख खुलती है। बाकी समय खोल ही नहीं पाते हम। मैं करुणा को बाईं आंख क्यों कहता हूं? करुणा को बाएं- दाएं का भेद ही नहीं रहता। कौन उल्टा, कौन सीधा, कौन अपना, कौन पराया?

जीने की यह प्रस्थानत्रयी हैं। सत्य अपने लिए रखना, दूसरा सत्य बोलता है कि नहीं, उसका हिसाब-किताब मत रखो। प्रेम दूसरों के लिए और करुणा सबके लिए रखो। मेरी दृष्टि में सत्य एकवचन, प्रेम द्विवचन और करुणा बहुवचन है।

### अध्यात्म से जुड़ें युवा युवा

सत्य, प्रेम और करुणा को आत्मसात करें। अध्यात्म इन गुणों को जाग्रत करने का काम करता है। पूरे विश्व की युवा पीढ़ी बलवान बनें, विद्वान बनें और बुद्धिमान बनें, तभी जगत का कल्याण संभव है। युवाओं को बल, बुद्धि और विद्या से समृद्ध बनने का प्रयास करना चाहिए, तभी परिवार, समाज और राष्ट्र समृद्ध होगा। जहां तक संभव हो, सच और प्रिय बोलें एवं अहंकार से सावधान रहें।

चिंतन धरोहर



स्वामी विवेकानंद

# चित की प्रसन्नता

**प्रार्थना की अपेक्षा प्रसन्नता के द्वारा हम ईश्वर के अधिक निकट पहुंच सकते है। अत्यंत हर्ष की अवस्था में भी मन शांत नहीं रह पाता। दुख ही आता है। मनुष्य बहुधा एक अतिरेक से दूसरे की ओर दौड़ पड़ता है।**



भक्ति के लिए चित्त की प्रसन्नता अत्यंत आवश्यक है। दुखी व्यक्ति ईश्वर से प्रेम नहीं कर सकता । संत श्रीरामानुजाचार्य जी ने ईश्वर के प्रति उत्कट प्रेम की प्राप्ति के लिए कुछ साधनाएं बताई हैं, उनमें एक है- अनवसाद, जिसका शब्दार्थ है हताश न होना, निराश न होना अर्थात चित्त की प्रसन्नता। उदास रहना कदापि धर्म नहीं है। प्रफुल्ल - चित्त तथा हंसमुख रहने से तुम ईश्वर के समीप पहुंच जाओगे।

प्रार्थना की अपेक्षा प्रसन्नता के द्वारा हम ईश्वर के अधिक निकट पहुंच सकते हैं। ग्लानिपूर्ण या उदास मन से प्रेम कैसे हो सकता है? यदि ऐसे मन वाले प्रेम की बात करें, तो वह मिथ्या है। वे तो दूसरों को कष्ट देना चाहते हैं। धर्मांधों (कट्टरपंथियों) की ही बात सोचिए वे मुखमुद्रा तो बड़ी गंभीर बनाते हैं, पर उनका सारा धर्म वाणी और कार्यों द्वारा दूसरों के साथ लड़ाई-झगड़ा करते रहना ही होता है। उनके कार्यों का इतिहास देखिए और सोचिए कि यदि उन्हें स्वतंत्रता दे दी जाए तो अभी वे क्या कर डालेंगे।

सारे संसार को यदि रक्त की नदी में डुबा देने का उन्हें अधिकार प्राप्त होता हो तो वे ऐसा ही कर डालेंगे। क्योंकि तिमिराच्छन्न अवसाद ही उनका ईश्वर है। ऐसी भीषणता की आराधना करने और गंभीर मुखमुद्रा बनाए रहने के कारण उनके हृदय में प्रेम का चिह्न तक नहीं रह जाता और उन्हें किसी पर दया नहीं आती। अतः जो मनुष्य सदा अपने को दुखी मानता है, उसे ईश्वर प्राप्ति नहीं हो सकती। मैं कितना दुखी हूं- ऐसा सोचते रहना आसुरी भावना है, धर्म नहीं। हर एक मनुष्य को अपना बोझ ढोना है। यदि तुम दुखी हो, तो सुखी बनने का प्रयत्न करो। अपने दुखों पर विजय प्राप्त करो। दुर्बलों को ईश्वर की प्राप्ति नहीं होती, अतः दुर्बल कदापि न बनो। तुम्हारे अंदर असीम शक्ति है, तुम्हें शक्तिशाली बनना चाहिए, अन्यथा तुम किसी पर विजय कैसे प्राप्त करोगे? शक्तिशाली हुए बिना तुम ईश्वर को कैसे प्राप्त कर सकोगे? पर साथ ही अतिशय हर्ष अर्थात हर्षोद्रेक या उद्धर्ष से भी बचते रहो। अत्यंत हर्ष की अवस्था में भी मन शांत नहीं रह पाता। दुख ही आता है। मनुष्य बहुधा एक अतिरेक से दूसरे की ओर दौड़ पड़ता है।

## राजधानी

**रवींद्र भवन में नाटक का मंचन**

# आदिवासी अस्मिता और प्रतिरोध की कहानी बना 'आले माटी आले राज'

## फील्ड विजिट और लोक अध्ययन के आधार पर तैयार प्रस्तुति ने मंच पर आदिवासी इतिहास को किया साकार

**जागरण, भोपाल।** मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय (एमपीएसडी) के 15वें स्थापना दिवस पर आयोजित स्थापना रंग महोत्सव की शुरुआत एक ऐसी प्रस्तुति से हुई, जिसने दर्शकों को जनजातीय इतिहास, लोकसंस्कृति और संघर्ष की दुनिया से रूबरू कराया। बुधवार को रवीन्द्र भवन में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने नाटक 'आले माटी आले राज' का मंचन किया। आमंत्रित अतिथि व्याख्याता कन्हैयालाल कैथवास के निर्देशन में तैयार इस प्रस्तुति ने कोरकू समुदाय की सांस्कृतिक विरासत, प्रकृति से उसके गहरे रिश्ते और अस्तित्व की लड़ाई को प्रभावशाली ढंग से मंच पर जीवंत किया।

लेखक राम सिंह पटेल की रचना पर आधारित इस नाटक में दो व्यक्ति कोरकू समुदाय की संस्कृति, परंपराओं और जीवन-दर्शन को जानने-समझने के उद्देश्य से उनके बीच आते हैं। कथा कोरकू समुदाय की उत्पत्ति से प्रारंभ होती है। लोकमान्यता के अनुसार रावण के आग्रह पर महादेव मानव सृष्टि की रचना करते हैं और एक पुरुष तथा एक स्त्री का सृजन करते हैं। इन्हीं से आगे चलकर सम्पूर्ण कोरकू समुदाय का विस्तार होता है। यह समुदाय अपने विशिष्ट संस्कारों, परंपराओं तथा जंगल और जमीन से गहरे जुड़े



जीवन के साथ प्रकृति के सानिध्य में जीवनयापन करता है। कहानी आगे बढ़ते हुए बाहरी दमनकारी शक्तियों की ओर मुड़ती है। अंग्रेजी शासन के अत्याचार, शोषण और दमनकारी नीतियों ने कोरकू समाज के अस्तित्व, संस्कृति और प्राकृतिक संसाधनों को संकट में डाल दिया। ऐसे समय में कोरकू वीर योद्धाओं ने अपनी अस्मिता, संस्कृति और प्रकृति की रक्षा के लिए इन शक्तियों का डटकर सामना किया और अंतिम सांस तक संघर्षरत रहे। यह संघर्ष केवल पुरुषों तक सीमित नहीं था, बल्कि महिलाओं ने भी इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### जनसंघर्ष और वीरता की गाथा

नाटक में राजा भभूत सिंह, रेंगा कोरकू, रमको बाई और गंजन सिंह जैसे ऐतिहासिक पात्रों के साहस और बलिदान को केंद्र में रखा गया। खास बात यह रही कि संघर्ष की इस कथा में महिलाओं की भूमिका को भी बराबरी से स्थान दिया गया। प्रस्तुति केवल इतिहास का पुनर्पाठ नहीं, बल्कि जनजातीय समाज के स्वाभिमान, प्रतिरोध और सांस्कृतिक पहचान का सशक्त रंगमंचीय दस्तावेज बनकर सामने आई। दर्शकों ने कलाकारों के अभिनय और विषय की गंभीरता की सराहना की।

# पूड़ी-आलू व अंताक्षरी से रिसॉर्ट कल्चर तक, बदल गई पिकनिक की तस्वीर





**भोपाल।** कभी पिकनिक का मतलब होता था घर में एक दिन पहले से शुरू होने वाली तैयारियां। रसोई में पूड़ी-सब्जी बन रही है, बच्चों की जिम्मेदारी पानी की बोतलें भरने की है, कोई दरी समेट रहा है तो कोई ताश की गड्डी संभाल रहा है। सुबह होते ही पूरा परिवार किसी बांध, झील, ऐतिहासिक स्थल या प्राकृतिक जगह की ओर निकल पड़ता था। वहां अंताक्षरी, ताश, क्रिकेट और पेड़ों की छांव में बैठकर साथ खाना खाने का जो आनंद मिलता था, वही पिकनिक की असली पहचान हुआ करता था। समय बदला तो पिकनिक का अंदाज भी बदल गया। अब लोग घर से लगभग खाली हाथ निकलते हैं और सीधे किसी रिसॉर्ट, वाटर पार्क या रेस्टोरेंट पहुंच जाते हैं। सुविधाएं पहले से ज्यादा हैं, लेकिन सामूहिक तैयारी, साझेदारी और साथ मिलकर बिताए जाने वाले वे छोटे-छोटे पल धीरे-धीरे कम होते जा रहे हैं।

**बदल गया अंदाज, नहीं बदली यादें:** फिल्मकार और आर्ट एक्टिविस्ट सुनील शुक्ल कहते हैं कि आज की पिकनिक और पहले की पिकनिक में जमीन-आसमान का अंतर है। पहले पिकनिक किसी आउटिंग से ज्यादा एक पारिवारिक आयोजन हुआ करती थी। सुबह से ही घर में हलचल शुरू हो जाती थी, पूरा परिवार मिलकर तैयारियां करता था और फिर किसी बांध, झील या ऐतिहासिक स्थल की ओर निकल पड़ता था। वहां ताश, अंताक्षरी और तरह-तरह के खेलों के बीच दिन कब गुजर जाता था, पता ही नहीं चलता था।

**दोस्तों संग पिकनिक का नया रंग:** लेखिका प्राची द्विवेदी बताती हैं कि बचपन में परिवार के साथ की गई पिकनिक खूबसूरत यादों में शामिल है। यह पिकनिक भले कम हो गई हो, लेकिन पिकनिक का उत्साह आज भी वैसा ही है। अब दोस्तों के साथ ट्रेकिंग, कैंपिंग और प्रकृति के बीच समय बिताने का नया सिलसिला जुड़ गया है। हाल ही में कालियासोत जंगल और राधा री ढाणी की पिकनिक उनके लिए यादगार अनुभव रही। उनका मानना है कि पिकनिक सिर्फ किसी जगह तक पहुंचने का नाम नहीं है, बल्कि उन पलों का उत्सव है जिन्हें हम अपनों के साथ जीते हैं।

### मोबाइल से दूर, अपनों के करीब

एडवोकेट नमामि जोशी और प्रकृति जोशी का कहना है कि पिकनिक आज के समय में पहले से ज्यादा जरूरी हो गई है। दिनभर मोबाइल, लैपटॉप और काम के दबाव के बीच लोग एक-दूसरे के लिए समय नहीं निकाल पाते। उनका मानना है कि पिकनिक सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि रिश्तों को मजबूत करने का माध्यम भी है। प्रकृति के बीच समय बिताना मानसिक रूप से भी तरोताजा करता है।

### पिकनिक के बहाने मिल जाता है साथ

वेंकट नायडू और जीना नायडू का मानना है कि पिकनिक परिवार के साथ समय बिताने का सबसे आसान और खूबसूरत जरिया है। रोजमर्रा की व्यस्तताओं के कारण जो दूरियां बन जाती हैं, वे ऐसे अवसरों पर काफी हद तक कम हो जाती हैं। खुले आसमान के नीचे बैठकर होने वाली बातचीत कई बार उन बातों को भी सामने ले आती है, जिनके लिए घर में समय नहीं मिल पाता।

# अकेले संघर्ष और फिर विश्व मंच तक का सफर

## 11 साल बेटी को अकेले पाला, अब मलेशिया में जीतकर बनीं 'मिसेज वर्ल्ड वूमेन नेशन 2026'

**जागरण, भोपाल।** कभी पांच महीने की गर्भवती अवस्था में पति का घर छोड़कर मायके लौटना पड़ा, फिर 11 वर्षों तक अकेले अपनी बेटी की परवरिश की। जिंदगी ने कई कठिन इम्तिहान लिए, लेकिन भोपाल की राधिका वसंत जेठा ने हार नहीं मानी। आज वही राधिका मलेशिया में आयोजित 'मिसेज वर्ल्ड वूमेन नेशन 2026' का खिताब जीतकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत और भोपाल का नाम रोशन कर रही हैं। राधिका ने बताया कि उनकी शादी वर्ष 2012 में हुई थी, 2013 में बेटी के जन्म के बाद उन्होंने अकेले ही उसकी परवरिश की जिम्मेदारी संभाली। करीब 11 साल तक एकल अभिभावक के रूप में उन्होंने हर चुनौती का सामना किया और अपने हौसले को कमजोर नहीं होने दिया। 2024 में दूसरी शादी के बाद उन्हें नया



सहारा मिला और उन्होंने अपने पुराने सपनों को फिर से जीने का फैसला किया। ग्लैमर और फैशन की दुनिया में पहचान बनाने के लिए उन्होंने अपनी पर्सनालिटी, बॉडी लैंग्वेज और कम्युनिकेशन स्किल पर काम किया। इसी मेहनत के दम पर उन्होंने पहले मिसेज सेंट्रल इंडिया में गोल्ड कैटेगरी जीती और फिर अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचीं। पेजेंट डायरेक्टर फराह अनवर ने चर्चा में बताया कि प्रतियोगिता में 22 देशों की प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था और इसकी थीम महिला सशक्तिकरण पर आधारित थी। राधिका की नेशनल कॉस्ट्यूम बेहद खास था। डिजाइनर ज्योति परिहार द्वारा तैयार इस अनोखी ड्रेस में एक भारतीय महिला की दोहरी भूमिका को बेहद खूबसूरती से दर्शाया गया। करीब 15 किलो वजनी इस परिधान में लेहंगे के साथ ब्लेजर और चुन्नी का संयोजन था। ड्रेस पर स्टील के बर्तन लगाए गए थे, जबकि उनका ताज चम्मचों से तैयार किया गया था। इतना ही नहीं, उनके हाथ में स्टील के टिफिन बॉक्स से बना पर्स भी था। परिधान में शामिल स्टील के बर्तन इस संदेश का प्रतीक थे कि एक महिला के जीवन में रसोई और परिवार की जिम्मेदारियां महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं तथा वह घर की 'किचन क्वीन' होती है। वहीं ब्लेजर आधुनिक महिला की उस पहचान को दर्शाता है, जिसने घर की चौखट से आगे बढ़कर कॉरपोरेट और पेशेवर दुनिया में भी अपनी मजबूत जगह बनाई है। यह ड्रेस इस बात का प्रतीक बना कि आज की महिला परिवार और करियर, दोनों जिम्मेदारियों को समान दक्षता के साथ संतुलित कर रही है। राधिका ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी बेटी और परिवार को दिया। उन्होंने कहा कि अब उनका लक्ष्य मिसेज यूनिवर्स प्रतियोगिता की तैयारी करना है।

### बैंक ऑफ इंडिया का एनपीएस वात्सल्य अभियान शुरू

**भोपाल।** बैंक ऑफ इंडिया, भोपाल आंचलिक कार्यालय ने बच्चों के उज्ज्वल व सुरक्षित भविष्य के लिए केंद्र सरकार की एनपीएस वात्सल्य योजना को जन-जन तक पहुंचाने हेतु विशेष जागरूकता एवं ऑनबोर्डिंग अभियान शुरू किया है। इसके तहत भोपाल, ग्वालियर सहित अंचल के विभिन्न जिलों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बैंक ने ईच वन, एनरोल वन अभियान के माध्यम से प्रत्येक कर्मचारी एवं हितधारक को कम से कम एक नाबालिग बच्चे का एनपीएस वात्सल्य खाता खुलवाने के लिए प्रेरित किया है। बैंक की टीमें स्कूलों, आवासीय सोसायटियों और सार्वजनिक स्थलों पर अभिभावकों को योजना के लाभों की जानकारी दे रही हैं। योजना के तहत मात्र 250 से खाता खोला जा सकता है। 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर यह खाता स्वतः नियमित एनपीएस खाते में परिवर्तित हो जाता है। उच्च शिक्षा, गंभीर बीमारी जैसी आवश्यकताओं के लिए आंशिक निकासी की सुविधा तथा कर लाभ भी उपलब्ध हैं। बैंक ऑफ इंडिया ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को इस योजना से जोड़कर उनके आर्थिक रूप से सुरक्षित भविष्य की मजबूत नींव रखें।

### राजधानी का तापमान/मौसम

अधिकतम 37.6°c | न्यूनतम 27.8°c

राजधानी में बादल छाने से तापमान में गिरावट आई है। आज भी पारा गिरेगा।

## नगर में आज

**स्थापना रंग महोत्सव**
- **स्थान:** रविंद्र भवन
- **समय:** शाम 7:00 बजे

**कार्यशाला**
- **स्थान:** आरुषि इंडिया
- **समय:** शाम 5:00 से 8:00 बजे तक

**'माह का प्रादर्श'**
- 'छाया चर्मपुतली: राम'
- **स्थान:** मानव संग्रहालय
- **समय:** दोपहर 12 बजे से

**74 शलाका चित्र प्रदर्शनी**
- **स्थान:** लिखन्दरा दीर्घा, जनजातीय संग्रहालय
- **समय:** दोपहर 12 बजे से


## संक्षिप्त खबरें

### पत्नी के मायके जाने पर किसान ने खाया जहर

**जागरण,भोपाल।** नजीराबाद थाना क्षेत्र में किसान ने जहर खाकर जान दे दी। पुलिस की शुरुआती जांच में पत्नी के मायके से नहीं लौटने पर युवक ने आत्मघाती कदम उठाया है। 35 वर्षीय जगदीश गौरा मीठी छापरी में रहता था। वह खेती किसानी करता था और शराब पीने का आदी था। उसके दो बच्चे है। पिछले दो साल से उसकी पत्नी मायके में रह रही है। युवक ने उसे कई बार मनाने की कोशिश की, लेकिन वह वापस लौटने के लिए नहीं मानी। जिसके चलते वह अक्सर तनाव में रहता था। मंगलवार सुबह 6 बजे उसने कीटनाशक दवाई पी ली। परिजन तुरंत उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### गेट बंद कर नारेबाजी की दो शिक्षकों पर केस दर्ज

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** गौतम नगर स्थित लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) मध्यप्रदेश के परिसर में गेट बंद कर धरना प्रदर्शन और नारेबाजी पर दो शिक्षकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। गोविंदपुरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का केस दर्ज किया है। गोविंदपुरा पुलिस के मुताबिक, 56 वर्षीय आमिर अहमद खान डीपीआई में सहायक ग्रेड-2 आयुक्त स्टाफ में पदस्थ हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि मंगलवार सुबह 11 बजे दिनेश ठाकुर और राकेश कुमार बकोरिया ने डीपीआई परिसर के गेट को बंद धरना प्रदर्शन किया और अनुचित नारों का उपयोग किया। इस तरह दोनों आरोपियों ने शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया। इस आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी दिनेश और राकेश इंदौर में कोचिंग संस्थान चलाते हैं। मंगलवार को परिसर के गेट के सामने वर्ग-2 के चयनित अभ्यर्थियों के साथ वह धरना दे रहे थे।



ज्योति टाकीज चौराहे पर महाराणा प्रताप की जयंती कार्यक्रम के दौरान एमपी नगर में जाम लग गया।

# धूमधाम से मनी महाराणा प्रताप की जयंती, निकाली गईं रैलियां

### रक्तदान शिविर में कई लोगों ने लिया भाग, पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**जागरण, भोपाल।** महाराणा प्रताप की 486 वीं जयंती बुधवार को शहर में श्रद्धा, उत्साह और गौरव के साथ मनाई गई। शहरभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग, बलिदान और राष्ट्रभक्ति को याद करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। एक तरफ जहां विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक संगठनों ने रैलियां निकालकर, महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वहीं मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड ने एक पौधा अपने बुजुर्गों के नाम अभियान की शुरुआत की। इसी मौके पर कोलार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। जय मेवाड़ राजपूत समाज और श्री प्रताप सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में वीर शिरोमणि समारोह आयोजित किया गया। शिवाजी महाराज चौराहे से महाराणा प्रताप चौराहे तक निकाली गई भव्य शोभायात्रा में समाज के युवा, बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। यात्रा के दौरान महाराणा प्रताप के जयघोष गूंजते रहे। कार्यक्रम में प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल वीरता के प्रतीक नहीं थे, बल्कि उन्होंने समाज को एकजुट रखने का संदेश भी दिया। उनके आदर्श आज भी समाज को दिशा प्रदान करते हैं।




**रक्तदान शिविर बना आकर्षण का केंद्र:** समारोह के दौरान रक्तदान शिविर में 50 से च्यादा लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इसके अलावा प्रतिभावान छात्रों, समाज के होनहार युवाओं एवं दिव्यांगजनों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा, पूर्व विधायक ध्रुव नारायण सिंह समेत कई जनप्रतिनिधि और समाजसेवी मौजूद रहे।

**वक्फ बोर्ड ने किया पौधरोपण अभियान:** मप्र वक्फ बोर्ड ने एक पौधा अपने बुजुर्गों के नामच अभियान का शुभारंभ किया। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल ने खानूगांव स्थित वक्फ मस्जिद-मदरसा परिसर में पौधरोपण कर अभियान की शुरुआत की। इसके बाद सोफिया कॉलेज स्थित कब्रिस्तान और इस्लामनगर की वक्फ संपत्तियों में भी पौधे लगाए गए।

### खुलासाः 3 करोड़ की 20 करें पुलिस ने की बरामद, मास्टर माइंड समेत 6 आरोपी गिरफ्तार

# किराए पर ली गाड़ियां ट्रेवल एजेंसियों के साथ मिलकर बेच देते थे आरोपी

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** कार रेंटल के नाम पर गाड़ियों को बेचने वाले गिरोह का अरेरा हिल्स थाना पुलिस ने पर्दाफाश किया है। आरोपी ट्रेवल एजेंसियों के साथ मिलकर षडयंत्र पूर्वक गाड़ियों को बेच देते थे। पुलिस ने मास्टर माइंड समेत 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनसे 3 करोड़ रुपए कीमती 20 चार पहिया वाहन बरामद किए हैं। लालच में फंसकर लोगों ने अपने वाहन गंवाए थे। पुलिस का दावा है कि फरार आरोपियों से अभी 15-20 और वाहन मिलने की उम्मीद है। हफ्तेभर में पुलिस कमिश्नरेट की यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है, जिसमें एक और गिरोह का पर्दाफाश किया है। इससे पहले बागसेवनिया पुलिस ने 10 लाख रुपए कीमती वाहन बरामद किए थे। इस मामले में मास्टर माइंड समेत चार आरोपी अब भी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।

### स्वयं मालिक बनकर बेच दी कारें, बढ़ाई धारा



पूछताछ के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से कुल 20 चार पहिया वाहन बरामद किए, जिसकी कीमत करीब 3 करोड़ रुपए है। आरोपी शैलेष और विश्वजीत मिलकर अन्य लोगों से वाहनों को किराए से चलाने का विश्वास दिलाकर लेता था। बाद में स्वयं को वाहन मालिक बताकर अन्य लोगों से विक्रय अनुबंध कर बेच देता था। कुछ कारें बिना अनुबंध के लोगों को बेचकर आर्थिक लाभ कमाता था। शैलेष और विश्वजीत ने मिलीभगत कर लोगों के वाहन किराए पर चलाने का बोलकर लिए थे। जिसे बाद में आपराधिक षड़यंत्र कर बेच दिया। इस आधार पर पुलिस ने अपराध में धारा 361(2) बीएनएस तथा आपराधिक न्यास भंग की सम्पत्ति प्राप्त करने से प्रकरण में धारा 317(2) बीएनएस का इजाफा किया है।

**विश्वजीत समेत अन्य की तलाश जारी:** अरेरा हिल्स थाना प्रभारी सुनील शर्मा का कहना है कि मामले में ट्रेवल्स एजेंसियों के संचालक द्वारा मुख्य आरोपी शैलेष जोशी के साथ मिलकर चार पहिया वाहनों को किराए से लेने के नाम पर दूरस्थ ग्रामों में वाहन को विक्रय करने का एक गिरोह सामने आया है। आरोपियों द्वारा इस प्रकार से अन्य 15-20 गाड़ियां और भी बेची गई है जिसकी रिकवरी की जा रही है। प्रकरण में अन्य आरोपी विश्वजीत सिंह गौर व अन्य की तलाश जारी है।

### पांच आरोपी सीहोर के निकले

इस संबंध में अरेरा हिल्स थाने में ऐशबाग निवासी गौरव कुशवाह (24) पिता श्रीकृष्ण कुशवाह ने शिकायत की थी। उन्होंने बताया था कि अभिनव होम्स अयोध्या नगर निवासी शैलेष जोशी ने उसकी कार ले जाकर बिना अनुमति बेईमानी पूर्वक दुरुपयोग कर बेच दी। इस पर पुलिस ने आरोपी शैलेष जोशी के खिलाफ बीएनएस की धारा 315(2) के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस ने आरोपी शैलेष को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने अपने साथियों के साथ मिलकर गाड़ियां किराए पर लेता था। इसके बाद छल-कपट कर उन्हें बेच देता था। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथियों के नाम बताए। इनकी पहचान वहीद अली पिता शरीफ अली निवासी सीहोर, जयेन्द्र जोशी उर्फ किट्टू पिता अनिल जोशी निवासी सीहोर, अरुण नाथ पिता पप्पू नाथ निवासी सीहोर, राजा मीणा पिता हेम सिंह मीणा निवासी सीहोर और रोहन खान पिता शाकिर खान निवासी सीहोर के रूप में हुई। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार किया।

## बेटे होने की खुशी में नर्मदा स्नान करने जा रहे युवक को ट्रक ने रौंदा

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** काफी मन्नतों के बाद जुड़वा बेटे पैदा होने की खुशी में नर्मदा स्नान करने जा रहे युवक को ट्रक ने रौंद दिया। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वह सोमवती अमावस्या पर नर्मदा स्नान के लिए नर्मदापुरम जा रहा था। 10 साल बाद घर में खुशियां आई थीं, जोकि अब मातम में तब्दील हो गई। पुलिस ने बुधवार को पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर ट्रक को जब्त कर लिया है। सूखी सेवनिया पुलिस ने चालक के खिलाफ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने का केस दर्ज कर लिया है। सूखी सेवनिया थाना प्रभारी रामबाबू चौधरी ने बताया कि 33 वर्षीय हरिनारायण गुर्जर पिता गंगाराम गुर्जर देव बरखेड़ी बैरसिया रोड में रहता था। वह खेती किसानी करता था। मंगलवार दोपहर करीब सवा एक बजे वह अपनी बाइक से अकेले नर्मदापुरम स्नान करने के लिए निकला था। भोपाल-इंदौर बाइपास कल्याणपुर रेलवे ब्रिज के ऊपर पहुंचा था, तभी ट्रक ने ओवरटेक करने के दौरान बाइक को टक्कर मार दी। ट्रक की चपेट में आने से हरिनारायण की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।



**10 साल बाद घर में आई थीं खुशियां, मातम में तब्दील**

**घर में खुशी का माहौल था:** हरिनारायण की 10 साल पहले शादी हुई थी। लेकिन कोई संतान नहीं हो रही थी। लंबे इंतजार और काफी मन्नतों के बाद करीब ढाई महीने पहले उनके घर जुड़वा बेटों का जन्म हुआ। बच्चों के आने पर घर में खुशी का माहौल था, इसी खुशी के चलते सोमवती अमावस्या पर नर्मदा स्नान के लिए हरिनारायण नर्मदापुरम जा रहा था, लेकिन हादसे में उसकी मौत हो गई। इससे घर में मातम छा गया।

# विवादित अफसरों को भी अहम जिम्मेदारी

### आईएएस अफसरों की तबादला सूची में शामिल कई नाम रहे हैं विवादों में



आलोक कुमार | शीलेंद्र सिंह | अरविंद शाह

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में हुए आईएएस अफसरों की तबादला सूची में शामिल कई नाम विवादों से घिरे रहे हैं, इसके बाद भी उन्हें अहम पद पर भेजा गया है। शीलेंद्र सिंह के छतरपुर कलेक्टर रहते उनका बुंदेलखंड के एक बीजेपी विधायक से विवाद चर्चा में रहा था। इसके अलावा नर्मदापुरम कलेक्टर रहते भी उनका विवाद स्थानीय बीजेपी नेताओं समेत एक एसडीएम से हो गया था। अब उन्हें दोबारा फील्ड पर भेजा गया है। वे अब रीवा संभाग की कमान संभालेंगे। इसके अलावा उमा भारती के करीबी रहे विनय निगम भी विवादों से घिरे रहे हैं। अब वे उमा के करीबी प्रहलाद पटेल के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की सबसे अहम योजना राच्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सीईओ होंगे। इसके अलावा हाल ही में मंत्री राकेश सिंह के साथ विवाद के बाद सुर्खियों में आए जबलपुर नगर निगम के अपर आयुक्त अरविंद कुमार शाह को भी आयुष्मान भारत का सीईओ बनाया गया है। इन तबादलों की लिस्ट पर एक माह से मंथन जारी था।

**आलोक के तबादले के पीछे सुप्रीम कोर्ट की फटकार भी वजह:** सीएम के करीबी और उनके सचिवालय के सबसे अहम अफसरों में से एक आलोक कुमार सिंह को सीएम के सचिव पद से हटाने के पीछे रेत खदानों की नीलामी न होना एक बड़ी वजह मानी जा रही है। वे खनिज विभाग के सचिव भी थे। प्रदेश में रेत के कई ठेकेदारों द्वारा खदानें सीजन के बीच में ही छोड़ देने और काम बंद कर देने से सरकार को राजस्व का भी नुकसान हो रहा था। ऐसे में खनिज विभाग री-टेंडरिंग के जरिए नए ठेकेदारों को काम देने की तैयारी में था। इसके अलावा विभाग की टीमें चंबल नदी से अवैध रेत माफिया पर भी लगाम नहीं लगा पा रही थीं। ऐसे में केंद्र सरकार तक शिकायतें पहुंच रही थीं और सुप्रीम कोर्ट ने भी एक मामले में संज्ञान लेते हुए सरकार को फटकारा था। अब आलोक कुमार सिंह को आईजी पंजीयन और अधीक्षक मुद्रांक के पद पर भेजा गया है।

# राजधानी में लगातार दूसरे दिन चाकू की नोक पर लूट, किराना व्यापारी से मारपीट कर 2 लाख छीने

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** राजधानी में लगातार दूसरे दिन चाकू की नोक पर लूट हो गई। अब बदमाशों ने किराना व्यापारी को निशाना बनाया है। मारपीट पर आरोपी उनसे 2 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए। स्कूटी सवार 3 नकाबपोश बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया है। शाहजहांनाबाद पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। फुटेज में कुछ दूर जाकर दो बदमाश एक साथ हो गए और एक अलग हो गया। पुलिस हुलिए के आधार पर आरोपियों की पहचान में जुटी है। पुलिस का कहना है कि रैकी कर वारदात को अंजाम दिया गया है। गर्दन पर चाकू अड़ाने के बाद उन्होंने सीधे एक्टिवा की चाबी निकाली और डिग्गी में रखे बैग को लूट लिया, जिसमें गल्ले के दो लाख रुपए रखे थे। पुलिस संदेहियों से पूछताछ कर रही है।

**रात 11.20 बजे गाड़ी अड़ाकर लूटा:** शाहजहांनाबाद पुलिस के मुताबिक, दिलीप आर्थवानी साईंकृपा अपार्टमेंट, प्रभु नगर ईदगाह हिल्स में रहते हैं। वह कोतवाली स्थित आजाद मार्केट में किराना की होल-सेल दुकान संचालित करते हैं। मंगलवार रात करीब 11 बजे रोजाना की तरह वह दुकान बंद कर एक्टिवा से घर लौट रहे थे। उनके पास एक बैग था, जिसमें उन्होंने दो लाख रुपए रखे थे। यह बैग उन्होंने एक्टिवा की डिग्गी में रखा था। 11.20 बजे वह जैसे ही प्रभु नगर को मोड़ पर पहुंचे, तभी पीछे से स्कूटी सवार 3 बदमाशों ने सामने गाड़ी अड़ाकर उन्हें रोक लिया। इससे पहले वह कुछ समझ पाते एक बदमाश ने गर्दन पर चाकू अड़ा दिया। दूसरे बदमाश ने एक्टिवा से चाबी निकाली और डिग्गी से बैग निकाल लिया।

**अगवा कर मारपीट की :** इसके एक दिन पहले निशातपुरा इलाके में प्रशिक्षु पत्रकार के साथ लूट हुई थी। लुटेरे ने लिफ्ट के बहाने रोका था। चाकू की नोक पर उसे अगवा कर मारपीट की। एक कमरे में ले गए। जहां निर्वस्त्र पर उसका वीडियो बनाया। इसके बाद ब्लैकमेल कर दोस्तों ने रुपए मंगवाए। लुटेरों ने 32 हजार रुपए अपने खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए थे।

### संदेहियों की जा रही पूछताछ

व्यापारी ने विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की। इसके बाद वह गली में चले गए। आगे जाकर यू टर्न लिया और वापस ईदगाह हिल्स की ओर निकल गए। घटना के बाद पीड़ित सीधे थाने पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मारपीट कर लूट का केस दर्ज किया है। एसीपी अनिल वाजपेयी का कहना है कि पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। कुछ संदेहियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस की जांच जारी है।

**भागवत कथा** — बावड़िया कलां में देवकीनंदन ठाकुर ने श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कई प्रसंगों का किया वर्णन

# सत्य के मार्ग पर चलते हुए उपहास और आलोचना से न हों विचलित

**भोपाल।** बावड़िया कलां स्थित रुद्राक्ष किंग्स्टन में देवकीनंदन ठाकुर महाराज के सानिध्य में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। कथाव्यास महाराज ने सनातन धर्म और संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धर्म के मार्ग पर चलने वालों को समाज के उपहास और आलोचना से विचलित नहीं होना चाहिए, क्योंकि सत्य की ही अंततः विजय होती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रत्येक सनातनी का हित तभी संभव है जब हमारी आध्यात्मिक परंपराओं और संस्कारों का संरक्षण होगा। स्वयं के विकास के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों को सनातन मूल्यों से जोड़ना हर नागरिक का परम कर्तव्य है, जिससे एक सशक्त और संस्कारित समाज का निर्माण हो सके। इस दौरान उन्होंने वर्तमान समय की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ धार्मिक और नैतिक संस्कार अवश्य दें, जिसके लिए उन्हें सत्संग और कथाओं में लाना अनिवार्य है। बता दें कि भोपाल में अपोलो हॉस्पिटल के पास आयोजित यह भव्य श्रीमद्भागवत कथा आगामी 19 जून तक चलेगी। प्रतिदिन दोपहर 3.30 बजे से सायं 6.30 बजे तक भक्ति रस का लाभ ले सकते हैं।






### दैनिक जीवन के नियमों पर की चर्चा

कथावाचक ठाकुर ने सनातन धर्म के सोलह संस्कारों के अंतर्गत नामकरण संस्कार की महत्ता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों के नामकरण में वैदिक विधि-विधान और योग्य ब्राह्मणों के मार्गदर्शन का पालन होना चाहिए, क्योंकि नाम का प्रभाव व्यक्ति के व्यक्तित्व और संस्कारों पर गहरा पड़ता है। इसके साथ ही, उन्होंने दैनिक जीवन में भोजन और शयन से पूर्व हाथ-पैर धोने के नियमों की चर्चा की, जो मन को शांत रखने और नकारात्मकता को दूर करने में सहायक हैं।

### भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का किया वर्णन

कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का अत्यंत रसपूर्ण वर्णन किया। जब श्रीकृष्ण द्वारा माटी खाने पर माता यशोदा ने उनका मुख खुलवाया, तो उसमें संपूर्ण ब्रह्मांड के दर्शन कर वह विस्मित रह गईं। इसके साथ ही पूतना उद्धार के प्रसंग को समझाते हुए उन्होंने कहा कि प्रभु केवल मनुष्य के निश्चल भाव को देखते हैं, बाहरी आडंबर या छल-कपट को नहीं। जिस तरह भगवान ने विष पिलाने आई पूतना का भी उद्धार कर उसे मोक्ष प्रदान किया, उसी तरह सच्चे और निर्मल हृदय से शरण में आने वाले हर भक्त का वे कल्याण करते हैं। इन मनोहर प्रसंगों को सुनकर पूरा कथा पंडाल श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा।

### प्रेम- प्रसंग के चलते युवक ने घर में लगाई फांसी

**जागरण,भोपाल।** बागसेवनिया क्षेत्र में युवक ने घर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस की शुरूआती जांच में प्रेम- प्रसंग के चलते युवक ने यह कदम उठाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 20 वर्षीय नितिन ठाकुर पिता राम सिंह पिपलिया पेदेंखा में रहता था। वह पांच भाई-बहनों में तीसरे नंबर का था। पिछले 7 महीने से उसका किसी लड़की से प्रेम- प्रसंग था। लड़की ने परिजनों के समझाइश के बाद उससे बात चीत बंद कर दी थी। जिससे वह परेशान रहने लगा। मंगलवार को वह अपने पिता के साथ सो रहा था। जिसके बाद करीब एक बजे उसने दूसरे कमरे में जाकर फांसी लगा ली। सुबह 8 बजे पिता ने उसे फांसी के फंदे पर लटका देखा,तो तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

# आधी अधूरी मरम्मत, लोगों का घरों से निकलना मुश्किल, फंस रहे वाहन

हिरदाराम नगर प्रतिनिधि। समस्याएं अधिक हैं और समाधान नहीं यां यूं कहा जाए कि विकास उस अनुपात में नहीं हुआ है, जितनी आवश्यकता है, फलस्वरूप थोड़ा बहुत विकास ऊंट के मुंह में जीरा लगता है। अगर बात की जाए नगर निगम जोन 20 के वार्ड 6 की जहां विकास के सर्वाधिक काम हुए हैं, तो वहां बरसात पूर्व सीवेज लाइन तो बिछाई गई, परन्तु समय रहते मरम्मत नहीं किए जाने से प्री-मानूसन में ही लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है ऐसे में त्रस्त होकर यहां की सिंधी समाज उत्थान पंचायत ने 15 जून तक का समय देते हुए चेतावनी दी थी अगर करम्मत नहीं हुई तो सीएम का घेराव किया जाएगा। हालांकि इस चेतावनी के बाद कुछ इलाकों में मरम्मत का काम प्रारंभ हुआ, लेकिन उसमें भी किसी तरह की गुणवत नहीं है। इधर वार्ड 5 में कुछ इलाके ऐसे हैं, जहां पार्षद ने चार साल पूर्व चुनाव में जीतने के तत्काल बाद गलियों का सीमेंट कांक्रीट कराने का वादा किया था जो आज तक पूरा नहीं हुआ है। मरम्मत के अभाव में जहां दोपहिया वाहन चालकों का बुरा हाल है, वहीं चार पहिया वाहन भी फंस रहे हैं। इधर भले ही मानूसन सक्रिय नहीं हुआ हो लेकिन बुधवार को दोपहर के समय काफी देर तक हुई बरसात ने इन इलाकों में मरम्मत न होने पर कीचड़ में आग में घी का काम किया। लोग पूछ रहे हैं कि एक तरफ तो वार्ड 6 और 4 में करोड़ों के विकास के काम हो रहे हैं, वहीं वार्ड 4 की हालत इतनी दयनीय क्यों है आखिर पार्षद निधि एवं मुख्यालय से मिलने वाली राशि कहां गायब हो गई। इस बावत जब भी पार्षद से पूछो तब उनका कहना होता है कि सर्वर डाउन है और राशि कम्प्यूटर में नहीं चढ़ी कभी कहा जाता है कि वर्क आर्डर हो गया है, काम जल्दी प्रारंभ होगा लेकिन पिछले दो तीन साल में कहीं पर भी वार्ड 5 में किसी तरह का कोई विकास का काम होते देखा नहीं गया है, जिस कारण आम जनता में अपने जनप्रतिनिधि के प्रति गहरा असंतोष व्याप्त है।

## सीवेज बिछाई पर मरम्मत नहीं, बुधवार की बरसात ने किया आग में घी का काम



### यहां विकास बना मुसीबत

जोन 20 के वार्ड 6 जिसकी पार्षद ज्योति यादव जोन अध्यक्ष भी हैं, ने काफी प्रयासों के बाद विजय नगर, औम नगर, सावन नगर और आस पास के अन्य इलाकों में सीवेज एवं पानी की पाइप लाइन का जाल बिछाया जिसके सीवेज के जरिए गन्दगी की निकासी सुलभ होने का रास्ता खुला और पानी की पाइप लाइन बिछाने से साफ पानी मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ परन्तु जहां ये दोनो काम होते वक्त आम जनता में काफी प्रसन्नता थी और पूर्व जिला भाजपा महामंत्री जगदीश यादव एवं जोन अध्यक्ष ज्योति यादव का जबरदस्त स्वागत हुआ, वहीं प्री-मानसून के बाद लोगों में इस बात को लेकर गुस्सा है कि समय रहते जहां जहां खुदाई की गई थी, वहां मरम्मत नहीं कराई गई नतीजा अनेक मोहल्ले ऐसे हैं जहां जबरदस्त कीचड़ छाया है और लोग घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं वहीं बच्चों का गलियों में खेलना कूदना एवं मस्ती करने पर भी विराम लग गया है।

### वार्ड 5 में हालात खराब

इधर अगर बात की जाए कांग्रेसी पार्षद अशोक मारन के वार्ड 5 की तो यहां की जनता को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जहां वार्ड 6 में विकास के बाद मरम्मत से जनता त्रस्त है, तो वार्ड 5 में जिन सड़कों का सीमेंट कांक्रीट का काम पार्षद अशोक मारन ने चुनाव जीतने के बाद करवाने का वादा किया था, उनकी स्थिति चार पूर्व की बनी हुई है बल्कि और अधिक बिगड़ गई है। यहां बैरिक ए-5 एवं ए-13 के बीच की 100 फीट लम्बी गली का निरीक्षण करने के बाद दो साल पूर्व इसे एक माह के भीतर बनाने का वादा किया था लेकिन आज तक काम नहीं हुआ है, ऐसे में कचरे से बंद नाली के कारण बरसात का पानी सड़क पर जमा हा रहा है और जर्जर सड़क से लोगों का गुजरना बंद ही हो गया है।

# भोपाल एयरपोर्ट पर यूनियन की बैठक आयोजित | इंडियन एयरपोर्ट कामगार यूनियन की स्वीकार्यता बढ़ रही : मनजीत

हिरदाराम नगर प्रतिनिधि। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध इंडियन एयरपोर्ट कामगार यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव मनजीत राणा ने कहा कि एयरपोर्ट कर्मचारियों के बीच की स्वीकार्यता लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि कई वर्षों तक कुछ क्षेत्रों में वैचारिक एवं राजनीतिक प्रभाव के कारण वैकल्पिक कर्मचारी संगठनों को पर्याप्त अवसर नहीं मिल पाए, किन्तु अब कर्मचारी स्वतंत्र रूप से अपने हितों और भविष्य को ध्यान में रखते हुए निर्णय ले रहे हैं। यही कारण है कि देशभर में के प्रति विश्वास और समर्थन लगातार बढ़ रहा है। यह बात उन्होंने भोपाल एयरपोर्ट पर आयोजित यूनियन की बैठक के दौरान कही। इसके लिए वे दिल्ली से विशेष रूप से भोपाल आए थे। एक दिवसीय इस बैठक में उन्होंने वरिष्ठ कर्मचारी नेता सिद्धार्थ यादव की यूनियन की सदस्यता करवाई और सहायक महासचिव नियुक्त करते हुए मध्यप्रदेश के सभी हवाई अड्डों में संगठन सुदृढ़ीकरण का दायित्व सौंपा गया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पश्चिम बंगाल सहित देश के विभिन्न राज्यों में संगठन तेजी से अपनी स्थिति मजबूत करेगा तथा आने वाले समय में अनेक युवा कर्मचारी नेता और कार्यकर्ता संगठन से जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय विमानन क्षेत्र में भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध इंडियन एयरपोर्ट कामगार यूनियन कर्मचारियों के हितों और राष्ट्रहित को समान महत्व देते हुए कार्य कर रही है और यही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। बैठक में अजहर खान, मृगेन्द्र वर्मा, कीर्ति वर्धन, उमाशंकर सेन, गौरव सिंह, राजीव सिंह, नरेन्द्र ढोकने, अभिषेक जगनोरे, अखिलेश यादव, अनिल मालवीय, शिवगोपाल पटेल, दिनेश व्यापारी ने भी विचार व्यक्त किए इसमें अनेक कर्मचारी नेताओं ने भी हिस्सा लिया।



### सिद्धार्थ सहायक महासचिव



भोपाल एयरपोर्ट में आयोजित एक भव्य सामान्य सभा में वरिष्ठ कर्मचारी नेताओं, पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में उपस्थित कर्मचारियों की मौजूदगी में सिद्धार्थ यादव को संगठन से जोड़ते हुए उन्हें सहायक महासचिव मनोनीत किया, जिसके बाद सिद्धार्थ यादव का जोरदार स्वागत किया गय। सिद्धार्थ यादव का कर्मचारी आंदोलन एवं ट्रेड यूनियन गतिविधियों में लगभग 18 वर्षों का समृद्ध अनुभव रहा है। उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन करते हुए शाखा अध्यक्ष, शाखा सचिव तथा केंद्रीय कार्यकारिणी समिति सदस्य के रूप में कर्मचारियों के हितों की प्रभावी पैरवी की है। कर्मचारियों के बीच उनकी पहचान एक सक्रिय, संघर्षशील एवं लोकप्रिय कर्मचारी नेता के रूप में रही है। इस मौके पर सिद्धार्थ यादव ने कहा कि उन पर जो दायित्व सौंपा गया है, वे उसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण भाव से निभाएंगे। मध्यप्रदेश के सभी हवाई अड्डों में संगठन को मजबूत बनाने, कर्मचारियों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने तथा अधिक से अधिक कर्मचारियों को यूनियन से से जोड़ने के लिए पूर्ण समर्पण और निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।

# धूमधाम से मनाया जा रहा यात्री सेवा सप्ताह

## हम हर सुविधा देने के लिए प्रतिबद्धः रामजी अवस्थी



हिरदाराम नगर प्रतिनिधि। इन दिनों राजा भोज विमान तल पर यात्री सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल को 12 साल का समय होने के साथ ही जवाहरलाल नेहरू का रिकार्ड तोड़कर सर्वाधिक दिन तक प्रधानमंत्री बने रहने के उपलक्ष्य में इस तरह के कार्यक्रमों का देशभर में जगह जगह आयोजन हो रहा है ऐसे में भला राजा भोज कैसे पीछे रह सकता है। एयरपोर्ट की जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि यात्री सेवा सप्ताह के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। इस अवसर पर जहां यात्रियों को सरहानीय सेवाएं दी जा रही हैं, वहीं अनेक यात्रियों को निःशुल्क पेय पदार्थ का वितरण भी किया गया। यात्रियों को तिलक लगाकर उनका अभिवादन किया जा रहा है। जब यात्री विमान में प्रवेश करने के लिए हाल में इंतजार कर रहे होते हैं, तब उनके समक्ष विभिन्न रंगो से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम कर उन्हें भारतीय संस्कृति, सभ्यता का स्मरण भी कराया जा रहा है। इससे पूरा एयरपोर्ट उत्सवी माहोल में रंगा नजर आता है। विभिन्न कार्यक्रमों न केवल एयरपोर्ट अर्थारिटी के समस्त विभागों के कर्मचारी एवं अधिकारी बल्कि सीआइएसएफ के डिप्टी कमांडेट, कमांडेंट सहित अन्य जवान भी हिस्सा ले रहे हैं। इन कार्यक्रमों के दौरान अपने उदबोधन में कार्यमुक्त होने से पहले एयरपोर्ट डायरेक्टर ने कहा कि राजा भोज भोपाल का मध्य भारत का अत्याधुनिक एवं हर तरह की सुविधाओं से लैस हवाई अड्डा बन गया है, जहां यात्रियों की सुविधाओं का पूरा पूरा ख्याल रखा जा रहा है। मनोरंजन के अलावा विभिन्न तरह के फूट स्टाल आदि का समावेश किया गया। उन्होंने कहा कि यात्रियों को किसी तरह की तकलीफ न हो और उन्हें हर सुविधा प्राप्त हो इसके लिए एयरपोर्ट अर्थारिटी कतिबद्ध है।

# कृष्ण प्रणामी मंदिर में गूंजा छत्रसाल का शौर्य

भोपाल। श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में बुंदेलखंड गौरव वीर बुंदेला महाराजा छत्रसाल जू का 378वां प्रगटन महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। इस गरिमामयी समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, प्रबुद्ध जन और शहर के गणमान्य नागरिक सपरिवार सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ सायं 6:00 बजे दीप प्रज्वलन और महाराजा छत्रसाल जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके पश्चात आयोजित सांस्कृतिक जिसने उपस्थित जनसमूह को राष्ट्रभक्ति के भाव से सराबोर कर दिया। इस अवसर पर महाराजा छत्रसाल का राष्ट्र और धर्म के प्रति योगदान विषय पर एक विचार संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। संगोष्ठी में वक्ताओं ने महाराजा छत्रसाल के शौर्य, पराक्रम और महाप्रभु श्री प्राणनाथ जी के साथ उनके आध्यात्मिक संबंधों पर प्रकाश डाला।

# पहले दिन से ही पढ़ाई के लिए कमर कसें: केएल रामनानी

## रोज पढ़ने से परीक्षा में निश्चित रूप से मिलेगी सफलता



हिरदाराम नगर प्रतिनिधि। 50 साल पुरानी शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्था सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी एवं मुकिता इंटरनेशनल स्कूल में आज नए सत्र का शुभारंभ बड़े ही उत्साह के साथ किया गया, विद्यालय में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए जिनका स्कूल द्वार पर ही बड़े उत्साह के साथ शिक्षकों द्वारा टीका आरती करके विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। नर्सरी कक्षा में नये विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए जिन्हें चॉकलेट, फूल, स्माइली गुडे देकर प्रोत्साहित किया गया। नये सत्र के अवसर पर सुधार सभा के महासचिव कन्हैयालाल रामनानी ने सभी विद्यार्थियों का स्वागत किया और कहा कि सभी विद्यार्थियों का नये सत्र में स्वागत करते हैं आपका प्रथम दिन है से ही आप सभी पढ़ाई के प्रति कमर कस लें, क्योंकि सत्र के आरंभ में ही जो विद्यार्थी पढ़ाई के प्रति जागरुक रहता है वह अवष्य ही प्रावीण्य सूची में अपना नाम दर्ज करवाता है, बच्चों का मुख्य उद्देश्य पढ़ाई होना चाहिए क्योंकि पढ़ाई से ही वह ऊंचाईयों को छू सकता है। यहां हीरो ज्ञानचंदानी ने भी विचार रखे। प्राचार्या सुतापा जॉयसवाल, उपप्राचार्या स्वाति कलवानी, पीआरओ दीपा आहूजा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने आए हुए विद्यार्थियों का स्वागत किया सभी विद्यार्थियों में स्कूल आने का उत्साह देखा गया और बड़ी ही लगन व खुशी के साथ विद्यार्थियों ने कक्षाओं में जाकर नए सत्र का प्रारंभ किया।

# भोपाल के विभिन्न क्षेत्रों में पशु पकड़ो अभियान तेज

भोपाल। नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर स्वतंत्र रूप से विचरण करने वाले पशुओं को पकड़ने की कार्रवाई लगातार जारी है। निगम की गोवर्धन परियोजना शाखा ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर 28 पशुओं को पकड़कर कांजी हाउस भेजा, जबकि 5 पशुओं को उपचार हेतु पशु चिकित्सालय 'आसरा' पहुंचाया गया। इसके अलावा हाका पार्टी ने 13 पशुओं को सड़कों से हटाया। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर भदभदा, नेहरू नगर, कोटरा, भेल क्षेत्र, अन्ना नगर, दानिश नगर, बागमुगालिया, कटारा 80 फीट रोड, अशोका गार्डन, करोद चौराहा, भानपुर, अयोध्या बायपास, मिनाल, लालघाटी तथा गांधी नगर सहित कई इलाकों में सघन अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई यातायात को सुगम बनाने तथा सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम करने के उद्देश्य से की गई।

# सूदखोरों से परेशान किसान ने पी लिया कीटनाशक



कलारा। बैरसिया इलाके के गांव चाटाहेड़ी में सोमवार को किसान ने सूदखोरों से परेशान हो कीटनाशक दबा पी लेने का मामला सामने आया है। गम्भीर हालत में परिजनो ने उसे बैरसिया के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल की सूचना पर पुलिस ओर न्यालिक मजिस्ट्रेट तहसीलदार मिठ्ठूलाल पंवार ने मोके पर पहुच पीड़ित किसान की बीडियो ग्राफी कर बयान ले बंद लिफाफा पुलिस को सौप दिया है। मंगलवार को मीडिया की पूछताछ में पीड़ित किसान संभु सिह ने बताया की उसे सूदखोर डरा धमका कर अधिक ब्याज वसूली हेतु प्रताड़ित कर रहे थे। उनकी नियत जमीन हड़पने की है । किसान संभु सिह धाकड़ ने तीन सूदखोरों के नाम बताए हैं इनमे नगर पालिका की वार्ड 4 वसई निवासी पूर्व पार्षद राजू धाकड़, शंकर लाल सहित एक अन्य नाम बताया हैं। प्रताड़ित किसान द्वारा बताए नामो का वीडियो मीडिया के पास है। और किसान की हालत नाजुक बनी हुई है।

# नहीं हुए वादे पूरे, खुदरा विक्रेताओं को करना पड़ रहा है आजीविका संकट का सामना



जागरण प्रतिनिधि, ओबैदुल्लागंज। गरीब और खुदरा दुकानदार एक बार फिर स्थानीय प्रशासन और नगर परिषद की देरी का खामियाजा भुगत रहे हैं। एक साल पहले हटाए गए लगभग 300 लोगों की दुकानों की बहाली न होने के कारण छोटे व्यापारी और खुदरा विक्रेता गंभीर आजीविका संकट का सामना कर रहे हैं। यह उल्लेखनीय है कि पिछले साल अतिक्रमण के आरोप में बेदखल किए गए कई दुकानदारों को पहले सड़क चौड़ीकरण या सौंदर्यीकरण के बहाने उनकी संपत्तियों से हटाया गया था और उन्हें जल्द ही स्थायी दुकानें देने का वादा किया गया था। हालांकि, कई महीने बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। स्थायी दुकानों के अभाव में, खुदरा विक्रेता तिरपाल के नीचे या ठेले पर सामान बेचने को मजबूर हैं। भीषण गर्मी, बारिश और धूल से उनका सामान खराब हो रहा है, जिससे आर्थिक नुकसान हो रहा है। उचित स्थान की कमी के कारण, ग्राहक इन दुकानदारों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिससे उनकी दैनिक बिक्री में भारी गिरावट आई है। कई परिवारों के लिए गुजारा करना मुश्किल हो रहा है। सूत्रों के अनुसार, दुकानों के निर्माण के लिए कागजी योजनाएं तो तैयार कर ली गई थीं, लेकिन फाइलों के ढेर और प्रशासनिक समन्वय की कमी के कारण जमीनी स्तर पर काम शुरू नहीं हो पाया है। प्रभावित दुकानदारों का कहना है, हमें सिर्फ आश्वासन मिलते हैं, कोई कार्रवाई नहीं। अगर जल्द ही दुकानें नहीं बनाई गईं या हमें कोई वैकल्पिक उपयुक्त जगह नहीं दी गई, तो हम हिंसक विरोध प्रदर्शन और धरने पर बैठने के लिए मजबूर हो जाएंगे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई छत्रसाल जयंती

भोपाल। बुंदेलखण्ड विरासत बचाओ मंच के तत्वधान में महाराजा छत्रसाल की 377 वीं जयंती छत्रसाल नगर फैस-2 में मनायी गई। इसमें सर्व प्रथम महाराजा छत्रसाल को झंडा चड़ाया गया तथा मालार्पण किया गया। इसके उपरन्त सभी सम्मानीय ने अतिथियों ने श्रद्धासुमन कर चित्र पर मालार्पण किया गया। इसके उपरांत कुम्भकार समाज के मुख्य अतिथि तथा व्हीएस परिहार 91 वर्ष की अध्यक्षता तथा अंकित द्विवेदी रजिस्टार पिपुल्स यूनिवर्सिटी के आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुदर्शन कुमार अध्यक्ष योगा केंद्र सु आशा बुंदेला कमिश्नर स्काउट एवं गाइड 50 वर्षो से कार्य कर रही है। एमहीएस परिहार वरिष्ठ नागरिक छत्रसाल नगर फैस-2 अदिति परमार बेडमिंटन खिलाड़ी अंडर 13 वर्ष में राज्य स्तरीय विजेता व रामजीवन मकोरिया तथा मेवा गौड़ को साल फल महाराजा छत्रसाल का चित्र प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

# 33 केवी केबल चोरी, जलापूर्ति ठप, हजारों नागरिक परेशान



कलारा। जिले के ग्राम विरहा श्यामखेड़ी स्थित विरही डेम से संचालित फिल्टर प्लांट की विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण पूरे बैरसिया नगर की जलापूर्ति ठप हो गई है। 16-17 जून की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने 33 केवी विद्युत लाइन की डीपी से पूरा केबल चोरी कर लिया, जिससे पेयजल व्यवस्था अचानक प्रभावित हो गई और हजारों नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विरही डेम से फिल्टर प्लांट के माध्यम से बैरसिया नगर में पेयजल की आपूर्ति की जाती है। केबल चोरी होने से प्लांट की बिजली सप्लाई बंद हो गई, जिसके चलते पानी का शोधन और वितरण कार्य रुक गया। परिणामस्वरूप नगर के विभिन्न क्षेत्रों में पानी की सप्लाई नहीं हो सकी। इस घटना ने महत्वपूर्ण सार्वजनिक सुविधाओं की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जिस विद्युत लाइन पर पूरे नगर की जलापूर्ति निर्भर है, उसकी सुरक्षा में इतनी बड़ी चूक चिंताजनक है। लोगों ने प्रशासन से पूछा है कि आखिर इतनी महत्वपूर्ण व्यवस्था को सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त निगरानी और सुरक्षा इंतजाम क्यों नहीं किए गए। नगरवासियों ने मांग की है कि केबल चोरी करने वाले आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए।

# नगर परिषद के खोखले दावे, कीचड़ और जलभराव से लोग हो रहे परेशान



ओबेदुल्लागंज। मानसून की शुरुआती बारिश ने ही निजी कॉलोनियों की ड्रेनेज व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। मुख्य रास्तों से लेकर गलियों तक में जलभराव की स्थिति है। इसके चलते सड़कों पर जमा कीचड़ और पानी के कारण पैदल चलना तो दूर, दोपहिया वाहनों का निकलना भी दूभर हो गया है। जलमग्न रास्तों के कारण गड्ढे दिखाई नहीं दे रहे, जिससे लगातार हादसों का अंदेशा बना हुआ है स्थानीय निवासियों का आरोप है कि निजी कॉलोनी का हवाला देकर नगर परिषद अक्सर अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ लेती है कई दिनों से ठहरे हुए गंदे पानी के कारण मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों में मलेरिया, डेंगू और त्वचा संबंधी संक्रमण फैलने का डर सता रहा है। मूलभूत सुविधाओं का अभाव- नाले-नालियों की समय पर सफाई न होने और अधूरी ड्रेनेज लाइन के कारण बारिश का पानी कॉलोनियों से बाहर नहीं निकल पा रहा है। सबसे च्यादा बुरा हाल नगर की विजय नगर जानकी नगर सीएल नगर और महावीर कॉलोनी का है जहां ड्रेनेज सिस्टम पूरी तरह फेल है स्थानीय निवासियों का कहना है कि जब जलभराव की समस्या आती है, तो नगर परिषद यह कहकर पल्ला झाड़ लेती है कि कॉलोनी अभी हैंडओवर नहीं हुई है। यह बिल्डर और प्रशासन की लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। हालांकि नगरपालिका हर साल मानसून से पहले सफाई और जल निकासी के पुख्ता इंतजाम के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके ठीक उलट है।


## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने (1) श्री मोहन साहू पुत्र श्री माखनलाल साहू (2) श्रीमती शिवानी साहू पत्नी श्री संतोष साहू निवासीगण-60, प्रीत नगर, छोला, भोपाल (मध्यप्रदेश) के हमारे स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक किता भूखण्ड जो खसरा क्रमांक- 9/2/4, 10, 11/2/1/2, 11/1/2, 12/1/1 का अंश भाग जिसका कुल क्षेत्रफल 3150 वर्गफिट है। स्थित- खेजड़ा बरामद, तहसील हुजूर जिला भोपाल (म0प्र0) को क्रय करने हेतु टोकन राशि का भुगतान कर दिया है जिसके अनुबंध पत्र एवं विक्रय पत्र का पंजीयन होना शेष है जिसकी चतुर्थ सीमायें निम्नानुसार हैं-दिशा पूर्व में-भोपाल-विदिशा रोड, दिशा पश्चिम-में रास्ता, दिशा उत्तर में-भूमि गौरव एसोसिएट्स की, दिशा दक्षिण में- भूमि अन्य की है।

यह कि उक्त भूखण्ड से संबंधित किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, सोसायटी, बैंक का कोई हित व अनुबंध, साम्यिक बंधक या अन्य किसी प्रकार से कोई हित हो तो वह इस आम सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर नीचे लिखे पते पर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दस्तावेजी साक्ष्यों सहित उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। म्याद समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी तथा मेरा पक्षकार उपरोक्त वर्णित भूखण्ड का विक्रय पत्र का पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होगा। सूचित हो ।

भवदीय (एम.जी. मुखरैया) अधिवक्ता
कार्या.- 04 आदित्य काम्पलेक्स, छोला रोड भोपाल।
मो.- 9329092128


## SUDOKU 16

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | 7 | 6 | 1 | |
| 5 | | | | | 4 | 7 | 2 | |
| | | 9 | 2 | | | | 3 | |
| 7 | | | 1 | | | | | |
| | 9 | | | | | | 7 | |
| | | | | | 2 | | | 5 |
| | 1 | | | | 9 | 3 | | |
| | 4 | 7 | 3 | | | | | 1 |
| | 2 | 5 | 7 | | | 8 | | |

## SOLUTIONS 15

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 6 | 9 | 4 | 1 | 7 | 3 | 5 |
| 1 | 5 | 3 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 6 |
| 4 | 7 | 9 | 3 | 5 | 6 | 1 | 2 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 7 | 9 | 4 | 3 | 8 | 1 |
| 7 | 9 | 8 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 4 |
| 3 | 1 | 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 7 | 2 |
| 9 | 4 | 7 | 6 | 1 | 8 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 6 | 1 | 7 |
| 6 | 3 | 1 | 5 | 7 | 2 | 8 | 4 | 9 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष** : दिन भावनाओं और एनर्जी के साथ तालमेल बिठाने का समय है। बातचीत के माध्यम से प्यार गहरा होता है। स्वास्थ्य को इमोशनल सपोर्ट की आवश्यकता हो सकती है।

**वृषभ** : इनोवेशन भरा दिन है। जिज्ञासा और खुले विचारों वाले दृष्टिकोण का मिश्रण जीवन के विभिन्न पहलुओं में प्रगति को मोटिवेट करता है।

**मिथुन** : दिन सही दृष्टिकोण और मानसिकता बाधाओं पर काबू पाने में मदद करती है। क्रिएटिव स्ट्रैटजी प्लानिंग सुरक्षा बनाने में मदद करती है।

**कर्क** : दिन खुद की देखभाल आपके स्वास्थ्य को सपोर्ट करती है। ध्यान रखें कि प्रगति जरूरी है और अच्छी तरह से लक्ष्यों के साथ संरेखित है। सफलता और विकास पर फोकस करें।

**सिंह** : रोमांच की इच्छा क्रिएटिव सॉल्यूशन और खुले दिमाग वाली बातचीत को बढ़ावा देती है। आपकी पॉजिटिव एनर्जी पर्सनल और प्रोफेशनल सफलताओं का मार्ग प्रशस्त करती है।

**कन्या** : दिन स्वास्थ्य और धन से जुड़ी छोटी-मोटी समस्याएं भी आ सकती हैं। अपने साथी से बिना शर्त प्यार करें और रिश्ते को बरकरार रखें।

**तुला** : आज आप दूसरों की भावनाओं के प्रति अधिक सेंसीटिव रहेंगे। पर्सनल व प्रोफेशनल दोनों तरह की बातचीत में इसका उपयोग करें। वित्तीय जागरूकता महत्वपूर्ण है।

**वृश्चिक** : बिजी रहने वाला है। इससे पहले कि चीजें कंट्रोल से बाहर हो जाएं, रिश्ते में मुद्दों को सुलझाने पर विचार करें। ऑफिस में चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहें।

**धनु** : आज आपकी एनर्जी हाई रहेगी। आप फालतू बातचीत में रुचि नहीं रखते हैं। योजना बनाने के माध्यम से काम करने के लिए करें।

**मकर** : दिन बातचीत में उम्मीद से ज्यादा कुछ पता चल सकता है, इसलिए ध्यान से सुनें। शक्तिशाली परिवर्तन शांति से होता है।

**कुंभ** : संतुलित दृष्टिकोण और क्रिएटिविटी से समृद्ध दिन होगा। चुनौतियों के लिए पॉजिटिव दृष्टिकोण रचनात्मक परिणामों का मार्ग प्रशस्त करता है।

**मीन** : उत्साह और सही समय पर की गई पहल चुनौतीपूर्ण परियोजनाओं में सफलता दिला सकती है। आत्मविश्वास से भरे निर्णय लेने से विकास का मार्ग प्रशस्त होता है।

**आज का पंचांग:** 18 जून गुरुवार 2026। **दिशाशूल :** दक्षिण, **पर्व एवं त्योहार :** गणेश चतुर्थी व्रत, भद्राः प्रातः 08 बजकर 15 मिनट से सायं 07 बजे तक। विक्रम संवत 2083 शके 1948 उत्तरायण, उत्तरगोल, ग्रीष्म ऋतु ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष की चतुर्थी 19 घंटे तक, तत्पश्चात पंचमी पुष्य नक्षत्र 11 घंटे 33 मिनट तक, तत्पश्चात अश्लेषा नक्षत्र व्याघात योग तत्पश्चात हर्षण योग कर्क में चंद्रमा।

